हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 1 अगस्त 2025

04 नगर में अनेक स्थानों पर मनाई गोस्वामी तुलसीदास...



05 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक धूमधाम से ...





## खबर संक्षेप

### स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस का बंद आज

**विदिशा।** बिजली कंपनी द्वारा शहर में घर घर लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस द्वारा आज नगर बंद का आव्हान किया गया है। कांग्रेस ने बुधवार को पर्चे एवं पोस्टकार्ड वितरित किए थे और गुरुवार को बंद का आव्हान करते हुए आज दोपहर 2 बजे तक दुकानें बदं रखने का आव्हान किया है।

### पुलिस ने 13 वर्ष से फरार ज्यादती का आरोपी दबोचा

**विदिशा।** थाना कोतवाली पुलिस ने 13 साल से फरार दुष्कर्म के आरोपी नितेश गोस्वामी को गिरफ्तार कर लिया है। पॉक्सो एक्ट में फरार आरोपी नितेश गोस्वामी पिता भगवान सिंह गोस्वामी उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम वन, थाना गुलाबगंज को सतर्क योजना एवं गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। टीम की सतर्कता और योजनाबद्ध कार्रवाई से गिरफ्तारी हो सकी।

### आचार्य दिनेश श्रीवास्तव को सम्मानित किया

**विदिशा।** सरस्वती शिशु मंदिर तलैया में गणित के आचार्य दिनेश श्रीवास्तव के सेवानिवृत्ति होने पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हे विदाई दी गई। आचार्य श्रीवास्तव ने 36 वर्षों तक पाली प्रभारी, परीक्षा प्रमुख व प्राचार्य जैसे दायित्वों का निर्वहन किया। समिति द्वारा उन्हें शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान आनंद वर्मा, डॉ. राजश्री वैद्य, उदय ढोली, विनोद किरार, रमेश राठौर, गौरीशंकर शर्मा, सुनील, शर्मा, देवेश शर्मा मुकेश दांगी, हेमलता परिहार मौजूद रहीं।

### सीएमओ रणवीर सिंह राजपूत हुए सेवानिवृत

**लटेरी।** नगर परिषद लटेरी के सीएमओ रणवीर सिंह राजपूत अपने 2 वर्ष एक महीना नगर परिषद लटेरी में सीएमओ पद पर पदस्थ रहे। गुरुवार को वह सेवानिवृति हो गए। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अत्तु भंडारी ने सीएमओ रणवीर सिंह राजपूत के बारे में बताया की 2 वर्ष एक माह के कार्यकाल में लटेरी में सीएमओ के पद पर रहते हुए सभी को साथ में लेकर कार्य किए हैं।

### टीआई के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह



**करारिया।** करारिया थाने के थाना प्रभारी ज़मीर मोहम्मद काज़ी के सेवानिवृत्ति होने पर थाना स्टाफ और स्थानीय लोगों ने उन्हें फूल माला पहनाकर विदाई दी। साफा बांधकर सम्मानित किया और उनके कार्यकाल की प्रशंसा की। इस मौके पर करारिया सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र प्रताप सिंह जादौन, सुलेमान खान, जगन्नाथ सिंह यादव, धर्मेन्द्र सिंह जादौन, मुकेश साहू, शैलेन्द्र सिंह रघुवंशी आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### पंचायत में कुपोषित बच्चों को सुपोषण किट वितरित

**ग्यारसपुर।** ग्राम पंचायत में पोषण संजीवनी अभियान के अंतर्गत कुपोषित बच्चों को सुपोषण किट वितरित की गई। जनपद सदस्य अनीश खान मंसूरी ने खंदा गांव के ढाई वर्षीय राजकुमार और हेमराज के अभिभावकों को किट सौंपी। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर प्रतिज्ञा चौरसिया, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उमा शर्मा, समाजसेवी सीताराम कुशवाहा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। विभाग की टीम ने अभिभावकों को संतुलित आहार के महत्व और बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की जानकारी भी दी। इस पहल का उद्देश्य न केवल कुपोषण को समाप्त करना है, बल्कि बच्चों के समग्र स्वास्थ्य और विकास को बढ़ावा देना भी है।

---

**दंडात्मक कार्रवाई करने के दिए हैं सख्त निर्देश**

## बिना चिकित्सक के प्रिसक्रिप्शन के दवाइयां बेचने और18 साल से कम उम्र के बच्चों को नशीले पदार्थ देने पर होगी कार्रवाई: न्यायाधीश जाकिर हुसैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नशे को रोकने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जाकिर हुसैन ने सख्त निर्देश जारी किए हैं।

जिन मेडिकल दुकानों पर बिना चिकित्सक की सलाह से दवाईयों बेची जाती है तथा जिन दुकानों में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को नशीले पदार्थ बेचे जाते है उनके संचालकों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए। विद्वान न्यायाधीश श्री हुसैन द्वारा निर्देश दिए गए है कि नाबालिग बच्चों को नशीले पदार्थ बेचने या बिना चिकित्सक सलाह के औषधियों वितरित करने वालों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**धारा 6 सिगरेट एवं तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के तहत कोई भी व्यक्ति 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे को सिगरेट और तंबाकू उत्पाद नहीं बेच सकता**

बताया गया कि धारा 6 सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 कहता है कि कोई भी व्यक्ति 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे को सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद नहीं बेच सकता। जबकि धारा 24 के तहत यदि कोई व्यक्ति धारा 6 का उल्लंघन करता है तो उसे 200 रुपए तक का जुर्माना किया जा सकता है। औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1945 के तहत नियम 65 के अतंर्गत अनुसूची में सूचीबंद्ध औषधियों के बिकी के लिए चिकित्सक का प्रिसक्रिप्शन अनिवार्य है। धारा 27 औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1945 में यदि कोई व्यक्ति नियम 65 का उल्लंघन करता है तो उसे 1 वर्ष से लेकर 10 वर्ष की सजा तथा दस हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। साथ ही एक्सपायरी दवाईयों या गलत लेबल वाली दवाओं की बिक्री भी निषेध है।

### सात साल का कारावास

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नितेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि प्रमुख रूप से कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत धारा 77 किशोर न्याय अधिनियम 2015 यदि कोई व्यक्ति 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे को सिगरेट या अन्य नशीले पदार्थ बेचता है तो उसे अधिकतम 7 वर्ष तक का कारावास अथवा 1 लाख रुपए तक का जुर्माना या दोनों हो सकते है।

---

## चोरघाट नाले ने उगली थार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मंगलवार की सुबह नौ बजे चोरघाट नाले में गिरी थार को गुरुवार की शाम 5.30 बजे निकाल लिया गया। हालांकी इस मामले में कोई प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है।

बुधवार को भोपाल निवासी सुनेरा खान ने कोतवाली थाने में आवेदन देकर बताया था कि उनकी थार गाड़ी नंबर एमपी 04 वायजे 7862 बेहराबाबा घाट और रामघाट के बीच की टूटी पुलिया में बह गई है। थाने में सूचना देने के बाद भी पुलिस ने घटना के संबंध में एफआईआर नहीं की। गुरुवार की सुबह से ही सुनेरा खान और उनकी साथी नाले में कार का पता लगाने का प्रयास करते रहे। दोपहर के बाद नदी का जलस्तर कम होना शुरू हुआ तो उन्हे नाले में गाड़ी दिखाई दी। पीड़ित ने ही कार को बाहर निकलाने के लिए क्रेन बुलवाई और गाड़ी को बाहर निकलवाया। इसके बाद घटना के संबंध में सूचना देने थाने भी पहुंचे। हालांकी यह पुलिया टूट चुकी है।

---

**नशे से दूरी है जरूरी जन-जागरुकता अभियान का हुआ समापन**

## 350 से अधिक कार्यक्रम हुए, 1 लाख लोगों की सहभागिता, शहर बना प्रदेश में जनचेतना केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



विदिशा। कार्यक्रम के समापन पर ऑडिटोरिय में हजारों की संख्या में लोगों ने नशे से दूर रहने की शपथ ली।

जिले में 15 से 30 जुलाई तक चले नशे से दूरी है जरूरी जन-जागरूकता अभियान का समापन समारोह बुधवार को ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया।

इस राज्यव्यापी अभियान का संचालन पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशन में किया गया। जबकि विदिशा में इसे एसपी रोहित काशवानी एवं एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में प्रभावी रूप से चलाया गया। अभियान के दौरान जिलेभर में 350 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम हुए। 1 लाख से अधिक नागरिकों तक नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाया गया। 78 हजार लोगों ने नशा न करने की शपथ ली और 50 हजार से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर कर अभियान को समर्थन दिया।

कार्यक्रम के दौरान नशे से दूरी है जरूरी अभियान पर आधारित जागरूकता वीडियो का लोकार्पण किया गया। जिसमें नशे के दुष्प्रभावों को अभिनय के माध्यम से प्रभावशाली रुप में दर्शाया गया। 15 दिवसीय अभियान की झलकियाँ एक विशेष वीडियो के माध्यम से प्रस्तुत की गईं। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने जागरुकता से भरा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, वहीं वात्सल्य स्कूल के छात्रों की बैंड प्रस्तुति ने कार्यक्रम को भावनात्मक ऊर्जा से भर दिया। विभागों एवं संस्थाओं ने जन-जागरुकता स्टॉल लगाए

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों और संस्थाओं द्वारा स्टॉल लगाए गए। जिनमें नशा मुक्ति केंद्र, ब्रह्माकुमारी संस्था, सामाजिक न्याय विभाग, अखिल विश्व गायत्री परिवार, सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत, साइबर सेल, महिला थाना शामिल रहे। अतिथियों ने स्टॉल का भ्रमण कर सराहना की। अभियान में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों एवं नागरिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत के सदस्यों को पहचान-पत्र वितरित किए गए। निबंध, स्लोगन और पेंटिंग प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नगद पुरस्कार तथा 25 अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। इस दौरान सोशल मीडिया प्रतियोगिता के परिणाम भी घोषित किए गए जिन्हे प्रथम पुरस्कार के रूप में 11 हजार, द्वितीय पुरस्कार 5 हजार व तृतीय पुरस्कार 3 हजार रुपए दिया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि व विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### अफसरों की मौजूदगी में जर्जर भवन तोड़ा

**हरिभूमि न्यूज. शमशाबाद।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने पुराने जर्जर जीर्णशीर्ण भवनों का सर्वे कर तोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। निकाय सीएमओ अनिल बिढुआ ने बताया कि तहसीलदार प्रेमलता पाल की उपस्थिति में वार्ड नंबर 13 में राजेश जैन के जीर्णशीर्ण भवन को तोड़कर मलबे को हटाया गया। नगर में अन्य पुराने जीर्णशीर्ण मकानों को हटाने के 3 दिवस की मकान मालिकों को नोटिस दिया गया है। समयावधि के बाद उन्हें भी तोड़ दिया जाएगा। इस दौरान रामनारायण सेन, इंजीनियर विजय इवने,अजय राजपूत, गोपाल शर्मा,दिनेश उपाध्याय, नरेन्द्र दुबे, राजेन्द्र तोमर आदि मौजूद रहे।

### अमानक खरपतवार नाशक बॉयोक्लोर के विक्रय पर प्रतिबंध

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** जिले के किसानों द्वारा की जा रही शिकायतों एवं जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर अनुज्ञापन अधिकारी एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक ने कीटनाशक अधिनियम 1968 की धारा 14 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए विदिशा जिले में एचपीएम केमिकल्स एंड फर्टिलाईजर्स लिमिटेड दिल्ली के उत्पाद खरपतवारनाशी क्लोपरिम्युरोन इथाईल पच्चीस प्रतिशत डब्ल्यू पी को जिले में क्रय विक्रय परिवहन एंव भंडारण को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित लगाने का आदेश जारी कर दिया है।

---

## पशुपालन विभाग के कर्मचारियों ने सार्थक एप से उपस्थिति दर्ज कराने से किया साफ इनकार

### नारेबाजी कर कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मप्र सरकार द्वारा सार्थक ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था का पशुपालन विभाग के कर्मचारियों ने खुलकर विरोध किया है। गुरुवार को मप्र सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ और मध्यप्रदेश राजपत्रित पशु चिकित्सक संघ के पदाधिकारी विदिशा कलेक्ट्रेट पहुंचे।

उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। संघ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में कहा कि 1 अगस्त से लागू की जा रही ऐप आधारित उपस्थिति प्रणाली फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों के लिए व्यावहारिक नहीं है। उनका कहना है कि पशुओं की बीमारियां और आपात स्थितियां समय की पाबंद नहीं होतीं। सार्थक ऐप में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक की ड्यूटी अवधि निर्धारित की गई है। यह विभाग के कार्य स्वरूप के अनुकूल नहीं है।

संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सार्थक ऐप को अनिवार्य किया गया, तो 9 बजे पूर्व या 4 बजे बाद आने वाली किसी भी आपातकालीन पशु-चिकित्सा स्थिति में कर्मी इलाज करने में असमर्थ रहेंगे।

---

## बारिश में कबाड़ न बन जाएं विद्यार्थियों की साइकिलें...



**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** शासकीय प्राथमिक शाला टीलाखेड़ी स्कूल के प्रांगण में विद्यार्थियों को वितरित करने के लिए सैकड़ों साइकिल रखी हैं। जहां पानी भरा है। निकलने का कोई रास्ता नहीं है। साइकिलें पानी में डूब रहीं हैं। ऐसे में जंग लगने पर वितरण से पहले ही वह खराब हो रही हैं। कहीं रखी-रखी यह साइकिलें कबाड़ न हो जाएं।

## डीईओ ने सभी बीईओ से एरियर की किश्त भुगतान की जानकारी मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिला शिक्षाधिकारी ने जिलेभर के समस्त बीईओ को आदेश जारी कर शिक्षकों के लंबित डीए एरियर, क्रमोन्नति एरियर, नवीन शिक्षक संवर्ग के सातवें वेतनमान के एरियर के भुगतान के संबंध में 28 जुलाई तक जानकारी मांगी थी, लेकिन किसी भी बीईओ ने यह जानकारी उपलब्ध नहीं कराई।

अब फिर से जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय से आदेश जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि शिक्षकों के क्रमोन्नति, समयमान के आदेश जारी किए गए हैं जिनके वेतन निर्धारण कर भुगतान तो किया जा रहा है किन्तु क्रमोन्नति, समयमान के एरियर एवं डीए एरियर, नवीन शिक्षक संवर्ग के सातवें वेतनमान की सभी किश्तों के एरियर का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। ऐसे शिक्षक जिनका भुगतान नहीं किया गया है उनकी जानकारी दोषी अधिकारी, कर्मचारी के नाम सहित चाही गई थी, जो आज तक नहीं दी गई है। इससे यह प्रतीत होता है कि उक्त एरियर भुगतान नहीं किए जाने के लिए आप ही दोषी हैं। उक्त जानकारी अब निर्धारित प्रपत्रों पर तैयार कर 4 अप्रैल तक मांगी गई है।

### कराते खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

**विदिशा।** मप्र कराते एसोसिएशन द्वारा शाजापुर के गांधी हॉल में 1 से 3 अगस्त तक आयोजित होने वाली राज्य कराते प्रतियोगिता में विदिशा कराते डेवलपमेंट एसोसिएशन के 7 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में गतिक साहू, आयु दुबे, अन्नया मोहकर, गरिमा शर्मा, वीरेंद्र गौर, संस्कार सिंह एवं विकास सिंह भदौरिया शामिल हैं। यह प्रतियोगिता मप्र कराते टीम कोच जयदेव शर्मा के नेतृत्व में आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रदेशभर के खिलाड़ी कराते कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

### स्मार्ट मीटर के विरोध में भूख हड़ताल

**गुलाबगंज।** स्मार्ट मीटर के विरोध में गुरुवार से गांधी चौक पर युवाओं ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। युवाओं ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रघुपति राघव राजा राम गाते हुए अनशन स्थल तक पहुंचे। जहां उन्होंने अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठकर स्मार्ट मीटर की जगह पुराने मीटर ही लगे रहने की मांग की। युवाओं का कहना था कि क्षेत्रों की बिजली चोरी को रोकने साथ बकाया बिल भरवाए जाएं, दिल्ली सरकार की तरह 250 यूनिट बिजली पर सब्सिडी दी जाए। स्मार्ट मीटर का मुद्दा संपूर्ण मध्यप्रदेश सहित आसपास के राज्यों में चल रहा है। जिसमें जनता का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने से बिजली बिल दोगुना बढ़कर आ रहे है। जिससे आर्थिक रूप से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान अभिषेक रघुवंशी, मुकेश परिहार, राजाबाबू कुशवाह आदि मौजूद रहे। इस मौके पर पंचायत द्वारा पेयजल का भुगतान नहीं करने पर सोनू दांगी ने भी प्रदर्शन किया।

### किसान सम्मान निधि की किश्त का वितरण 2 को

**विदिशा।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वी किश्त वितरण प्रधानमंत्री द्वारा 2 अगस्त को वाराणसी उत्तरप्रदेश से किया जाएगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत वर्ष में कुल 6 हजार रुपए जो 3 समान किस्तों में प्रदान किए जाते हैं। आयोजनों में विधायक, सांसद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को जिला व ब्लॉकस्तर पर आमंत्रित करने निर्देश दिए गए हैं।

---

## बाल तस्करी के प्रति जागरुक करने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विश्व मानव तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन द्वारा 'एक्सेस टू जस्टिस' परियोजना अंतर्गत पुलिस प्रशासन के सहयोग से बाल तस्करी के खिलाफ जन जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान में एसपी रोहित काशवानी, एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं सीएसपी अतुल सिंह ने जनता को बाल तस्करी जैसे जघन्य अपराध के प्रति सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि कोई बच्चा जबरन काम करता हुआ या एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाया जाता दिखाई दे, तो तुरंत टोल फ्री नंबर 1098 या 139 पर सूचना दें।

रेलवे स्टेशन पर रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स आरपीएफ एवं रेलवे प्रशासन के सहयोग से यात्रियों के बीच जागरूकता फैलाई गई। यात्रियों को बताया गया कि यदि किसी ट्रेन में कोई बच्चा गुमशुदा या संदिग्ध स्थिति में दिखे, तो तुरंत स्टेशन पर तैनात आरपीएफ स्टाफ को सूचित करें। इस अभियान में जिला प्रभारी दीपा शर्मा, आरपीएफ से कल्याण यादव, नारायण सिंह एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे। अभियान का उद्देश्य समाज को बाल तस्करी के प्रति जागरूक बनाना एवं बच्चों को सुरक्षित माहौल प्रदान करना था।





## नामी फार्मा कंपनियों में एसएटीआई के छात्रों का कैंपस सिलेक्शन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

एसएटीआई के एमएससी एप्लाइड केमिस्ट्री विभाग के विद्यार्थियों का देश की प्रमुख फार्मा कंपनियों द्वारा कैंपस चयन किया गया है।

विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज दातार ने बताया कि अंतिम सेमेस्टर के 9 विद्यार्थियों का चयन रक्स फार्मा भरूच, गुजरात, क्रोनोक्स लैब साइंसेज वड़ोदरा, गुजरात और लूपिन फार्मा मंडीदीप द्वारा लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के आधार पर किया गया है। उन्होंने बताया कि विगत वर्षों में भी एंडोपार चेन्नई, मायलन फार्मा पीथमपुर, ग्लेनमार्क अंकलेश्वर, मैनकाइंड देहरादून, जेसीआर बायोसाइंसेज हैदराबाद, मोर्पेन सोलन, ग्रेविटी फार्मा हैदराबाद और एम्नील फार्मा अहमदाबाद जैसी कंपनियों में छात्रों का चयन हुआ है। पाठ्यक्रम की विशेषताओं में औद्योगिक भ्रमण, प्रशिक्षण, प्रतिष्ठित प्रयोगशालाओं में इंटर्नशिप के साथ सेमिनार, कांफ्रेंस व विज्ञान मेलों में भागीदारी शामिल है। विभाग का एमओयू मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल तथा जेसीआर बायोसाइंसेज हैदराबाद से है, जिससे छात्रों को शोध और प्रोजेक्र्य में विशेष अवसर मिलते हैं। प्रोफेसर डॉ. दातार के अनसार हर वर्ष लगभग 80% योग्य छात्रों का कैंपस सिलेक्शन हो जाता है। वर्तमान में चयन प्रक्रिया जारी है।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-3045
उच्चतम भाव-3255
सुजाता
न्यूनतम भाव-2550
उच्चतम भाव-2752
चना
न्यूनतम भाव-5605
उच्चतम भाव-6290
मसूर
न्यूनतम भाव-5900
उच्चतम भाव-8810
सरसों
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-6740
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3865
उच्चतम भाव-4750
मूंग
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-7450

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 1887 बोरे उपज की आवक हुई।

# दिनदहाड़े वकील के घर में घुसकर मारपीट,आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गुरुवार को सुबह के समय सुभाष निकेतन गली निवासी एडवोकेट राजेंद्र सिंह सोलंकी के घर में एक अज्ञात युवक घुस गया। घटना के समय राजेन्द्र सिंह कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे थे। सोलंकी ने बताया कि युवक ने दीवार फांदकर घर में प्रवेश किया। जैसे ही उन्होंने उठकर देखने की कोशिश की तभी युवक ने उनसे मारपीट शुरू कर दी और उनका गला दबाने लगा। इस बीच उन्होंने शोर मचाया तो मोहल्ले के लोग आए और उन्हें युवक के चंगुल से बचाया। जिसके बाद मौके पर पुलिस को बुलवाया गया और युवक को पुलिस के हवाले कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेन्द्र सिंह सोलंकी का घर सुभाष निकेतन गली में है और पकडा गया युवक भी कुछ समय पहले ही इसी गली में किराए से रहता था। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि यह युवक रात भर से ही नशे में धुत्त होकर गली में उत्पात मचा रहा था और घरों के दरवाजों, चैनल गेट और शटरों में ठोकर मार रहा था। हांलाकि रात में किसी ने भी युवक की शिकायत पुलिस को नहीं की। नशे में धुत इसी युवक ने सुबह इसी गली में रहने वाले एडवोकेट राजेन्द्र सिंह सोलंकी के घर में घुसकर उन पर हमला कर दिया। जिससे वे घायल हो गए। उधर लोगों की मारपीट में घायल इस आरोपी को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जाता है कि नशे के कारण युवक का मानसिक संतुलन बिगड गया है और वह इस वारदात को लेकर सभी लोगों से अलग अलग कारण बता रहा है। उधर इस घटना के बाद नगर के अभिभाषकों ने कोतवाली थाना पहुंचकर घटना को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया और नगर में बढ रहे नशाखोरी एवं अपराधों की रोकथाम को लेकर पुलिस अधिकारियों से प्रभावी कार्रवाई की मांग की।

वहीं पुलिस का कहना है कि पीडित की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# तीसरे दिन भी बेतवा नदी उफान पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पिछले दिनों विदिशा सहित आसपास के क्षेत्र में जोरदार बारिश से बेतवा नदी पूरे उफान पर चल रही है। तीसरे दिन गुरुवार को भी शाम तक बेतवा नदी का पानी उसके दोनों पुलों के ऊपर से होकर बहता रहा है और नगर का कई नगरों एवं कस्बों से सडक संपर्क टूटा रहा। बेतवा नदी का जल स्तर धीरे धीरे कम होने लगा है, अगर रात्रि के समय ऊपरी क्षेत्र में बारिश नहीं हुई तो शुक्रवार को दोनों पुलों से आवागमन शुरु हो जाऐगा। हांलाकि गुरुवार को दिन भर तेज बारिश तो नहीं हुई, लेकिन रह रहकर रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा।

## श्री रामायण मंडल ट्रस्ट, वेदांत आश्रम, सैण्टएसआरएस स्कूल में हुआ आयोजन

# नगर में अनेक स्थानों पर मनाई गोस्वामी तुलसीदास की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा







गुरुवार को गोस्वामी तुलसीदास की 528 वी जयंती नगर में विभिन्न संगठनों द्वारा उत्साह के साथ मनाई गई। सैण्ट एसआरएस स्कूल में तुलसीदास और प्रेमचंद की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संसार के सारे महान लोगों का प्रथम और अंतिम संदेश यही है, कि तुम जैसा व्यवहार अपने लिए चाहते हो, वैसा ही व्यवहार दूसरों के साथ करो। राम चरित मानस में भगवान राम का चरित्र यही संदेश और शिक्षा देता है। बल्कि यूं कहें कि पूरी रामायण ही जीने की कला सिखाती है। इसलिए चाहे शिक्षक हों या छात्र-छात्राएं,वे रामायण के प्रत्येक पात्र से अपने चरित्र के निर्माण के लिए शिक्षा ले सकते हैं। यह बात सैण्ट एसआरएस स्कूल के सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना और हिन्दी विभाग द्वारा संत, कवि, राम भक्ति मर्मज्ञ तुलसीदास एवं कलम के सिपाही प्रेमचंद की जयंती पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि डायरेक्टर केएस यादव ने कही। प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने बताया कि रामायण जीने की कला सिखाती है और महाभारत मरने का ढंग बताता है। इसलिए तुलसीदास रामचरित मानस के माध्यम से समाज को जीवन जीने की कला सिखा रहे हैं। बालक इकाई प्रमुख कृष्णपाल सिंह चौहान ने तुलसी और प्रेमचंद की रचनाओं के माध्यम से समाज की स्थिति से अवगत कराया। बालिका इकाई प्रभारी रजनी गुप्ता ने सभी का आभार माना। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत शिक्षक शंभूगिरि गोस्वामी, दीपाली राजपूत, गोविंद कुशवाह की सरस्वती वंदना पर जुगलबंदी से हुआ। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक संगीतबद्ध हनुमान चालीसा पाठ और जग में सुंदर है दो नाम- चाहे कृष्ण कहो या राम के सुमधुर गायन कर संगोष्ठी का समापन किया गया। वहीं रामायण मंडल ट्रस्ट एवं नागरिक सेवा समिति के द्वारा गोस्वामी तुलसीदास की जयंती आयोजन के रूप में मनाई गई। इस मौके पर गोस्वामी तुलसीदास के द्वारा रचित ग्रंथ रामचरितमानस पर भी प्रकाश डाला गया। रामायण मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष मदन मोहन तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। वहीं नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह ने कहा कि हमारे जीवन में जो भी घटित हो रहा है वह ईश्वर प्रदत्त है और हमारे सत्कर्मों का परिणाम भी इसे माना जाता है। महाकवि गोस्वामी तुलसीदास के जीवन में भी काफी संघर्ष रहा लेकिन जब ईश्वर की अनुकंपा होती है। तो वह रामचरित मानस जैसी लोक कल्याणकारी महाकाव्य की रचना कर देते हैं। आज के समय में देश और विदेशों में तुलसीकृत रामचरितमानस को अपने जीवन में अपना लिया है यदि हम भी रामचरितमानस को अपने जीवन में शिरोधार्य करते हैं,तो हमारे जीवन का कल्याण निश्चित है। कार्यक्रम का शुभारंभ गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा पर पूजन अर्चन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। मानस भवन परिसर मे स्वामी तुलसीदास की प्रतिमा स्थापित करने वाले परिवार कैलाश अग्रवाल मामा की पुण्य स्मृति में उनकी पत्नी अंगूरी बाई अग्रवाल के द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। इस मौके पर रामायण मंडल ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद नारायण खंडेलवाल, ब्रजकिशोर गुप्ता, हरीबाबू अग्रवाल, राधेश्याम साहू, अशोक अग्रवाल, लाल बहादुर ताम्रकार, सुरेश ताम्रकार, रामगोपाल गुप्ता, जगदीश भावसार संतोष शर्मा, विजय भावसार आदि उपस्थित रहे। वहीं जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में सावन के पवन मौके पर चल रहे पार्थिव शिवलिंग निर्माण और पूजन के दौरान गुरुवार को संत गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाई गई। जिसमें गुरुकुल के आचार्य, छात्र एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर आश्रम के महंत हरिहरदास महाराज ने तुलसीदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सावन माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि पर तुलसीदास का जन्म हुआ था। तुलसीदास ने हिंदू महाकाव्य रामायण, हनुमान चालीसा और कई हिंदू धर्म ग्रंथों की रचना की। तुलसीदास भले ही एक प्राचीन समय के कवि हैं, लेकिन उनकी शिक्षाएं समय से बंधी नहीं हैं। उनके बताये ज्ञान व्यक्ति को एक बेहतर इंसान बनाते हैं। इसलिए आज के समय में या कहें कि आधुनिक जीवन में चाहे वह तनाव हो, भटकाव या निर्णय की उलझन, उनकी बातों में हमें स्थायित्व और समाधान मिलता है। तुलसीदास ने अपने लिखे हुए ग्रंथों के माध्यम से केवल धर्म, भक्ति की शिक्षा नहीं दी बल्कि कर्म से भी जोड़ा है। तुलसीदास लिखते हैं। संसार के भय और दुःखों से मुक्ति केवल प्रभु राम के नाम और भक्ति में है। गुरुवार को श्रावण मास में चल रहे मासिक पार्थिव शिवलिंग निर्माण के यजमान डॉ. शशांक शेखर भार्गव ने सपरिवार पूजन अर्चन किया व छात्रों के स्वास्थ्य का निरीक्षण कर उन्हें दवाएं भी वितरित कीं।

# मठ मंदिर की सुरक्षा को लेकर बैठक हुई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्री राम जानकी मंदिर गांधी चौक पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में मठ मंदिर सुरक्षा के संबंध मे आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे द्वारा बताया कि अपने अपने मंदिरों पर विशेष तौर से दान पेटी में ज्यादा राशि न रखें, बड़े मंदिरों में असुरक्षित मंदिरों में कैमरा लगा करके कैमरा को चेक करें कि चालू है बंद तो नहीं हो गए। व्यक्तियों पर नजर रखें, रात को चौकीदार भी रखें। इस अवसर पर मंदिर के व्यवस्थापक एवं पुजारी द्वारा भी सुझाव दिए गए। बैठक में पंडित केशव प्रसाद शास्त्री ने भी बताया कि रात में मंदिरों पर पुलिस की निगरानी रहे। पंडित मुन्नालाल शास्त्री ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर रक्षा समिति के प्रांतीय संयोजक दीपक तिवारी, शांतिलाल ओसवाल, मुकुल तिवारी, अनिल शर्मा, ज्ञान प्रकाश भार्गव, नीलेश अग्रवाल, सुनील बाबू पिंगले, नरेंद्र जैन, मट्टू समैया, अनिल जैन, गगन दुबे, सुनील पोराणिक, मुकुल तिवारी, सुनील शर्मा उपस्थित थे।

### अभिभाषक संघ ने दिया ज्ञापन

गंज बासौदा। गुरुवार को अभिभाषक संघ ने मुख्यमंत्री, सांसद एवं केन्द्रीय कृषि शिवराज सिंह चौहान एवं राजस्व मंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार अरविंद यादव को सौंपे। जिसमें कम्पोजिट नवीन न्यायालय भवन ग्राम रजोदा के पास बनवाये जाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है




न्यायालय भवन बनाये जाने की प्रकिया वर्तमान में प्रारंभ है तथा स्थान का चयन किया जा रहा है। जबकि ज्ञात है कि नवीन न्यायालय भवन रजोदा में बनकर उसमें न्यायालीन कार्य प्रारंभ हो चुका है, जो कि तहसील न्यायालय से लगभग 4 किमी की दूरी पर स्थित है। अभिभाषक गण को सिविल न्यायालय एवं तहसील न्यायालय दोनों में अपने वकालत पेशे को करना पड़ता है तथा पक्षकारों को न्याय दिलाने में अपना सहयोग करते हैं जो कि वर्तमान में सिविल न्यायालय एवं तहसील न्यायालय दोनों अत्यधिक दूरी पर होने के कारण हम अभिभाषकगण एवं पक्षकारों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा समय से दोनों में से किसी एक न्यायालय में उपस्थित न हो पाने के कारण उक्त दिनांक को नियत प्रकरणों में कार्रवाई नहीं हो पाने अथवा अनुपस्थिति में प्रकरण में एक पक्षीय कार्रवाई होने से पक्षकारों के साथ वकीलों को भी नुकसान उठाना पडता है। जबकि अभिभाषकगण पूर्व से ही नवीन न्यायालय भवन के पास ही तहसील न्यायालय भवन बनाये जाने की मांग करते आ रहे हैं। वर्तमान में संचालित न्यायालय भवन एवं तहसील न्यायालय में कार्य करने में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नवीन न्यायालय भवन के पास शासकीय भूमि है जो खाली पड़ी है उक्त भूमि को तहसीलदार एवं अनुविभागीय अधिकारी संयुक्त कम्पोजिट भवन बनाने के लिये निर्धारित किये जाने से अधिवक्ताओं को अपना व्यवसाय संचालित करने एवं पक्षकारों को न्याय दिलाने में सुविधा होगी।

## खबर संक्षेप

### चार लाख रुपए की आर्थिक मदद स्वीकृत

**गंजबासौदा।** ग्राम मुटर्रा निवासी 45 वर्षीय राजकुमारी दांगी की मृत्यु बेतवा नदी में डूब कर होने पर एसडीएम विजय राय द्वारा 4 लाख रुपए की आर्थिक मदद परिवार को स्वीकृत की गई। 45 वर्षीय राजकुमारी जब गांव जाते समय बेतवा नदी पर पार्थिव शिवलिंग विसर्जन कर रही थी तभी संतुलन बिगड़ जाने के कारण नदी में गिर गई। होमगार्ड और एसडीईआरएफ दल के जवानों द्वारा 44 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद उनका शव 2 दिन पहले कुरवाई में नदी से बरामद किया गया था।

### नपा सफाई अमले की साफ-सफाई



**गंजबासौदा।** गुरुवार को नगरपालिका सफाई अमले ने नगर के वार्ड नंबर 24 राजीव गांधी शासकीय जन चिकित्सालय के सामने वाली गटर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सामने वाली गटर की सफाई जावेद खान स्वच्छता निरीक्षक के निर्देशन में की गई। इस अवसर पर राजेश प्रभारी मेट सहित नपा सफाई अमला मौजूद रहा। यहां उल्लेखनीय है कि नपा सफाई अमला लगातार नगर के वार्डों में साफ,सफाई कर रहा है।

### कथा में सुनाया पार्वती जन्म का वृत्तांत



**गंजबासौदा।** पुरानी नगर पालिका के पीछे श्री जटाशंकर विश्वनाथ मंदिर में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के सप्तम दिवस में पार्बती जन्म कथा सुनाते हुए पं. धर्मेन्द्र भार्गव ने कहा समस्त देवताओं सहित विष्णु जी ने हिमालय तथा मैना को जगदम्बा की तपस्या हेतू उपदेशित किया। दोनों भक्ति पूर्वक भगवती सहित सदाशिव की पूजन करने लगे। मैना देवी ने चैत्र मास से आरम्भ कर सत्ताईस बर्ष पर्यन्त निरन्तर शिव की आराधना करती रहीं वे अष्टमी को ब्रत कर नवमी के दिन मोदक, पट्टी, खीर, तथा सुगंधित पुष्पों से भगवती की पूजन करती गंगा किनारे भगवती की मिट्टी की मूर्ती बनाकर अनेक वस्तुओं को समर्पित कर उनकी पूजा करती कभी निराहार रह जाती कभी नियम पूर्वक ब्रत धारण करतीं । इस प्रकार मैना देवी ने सत्ताईस वर्ष तक प्रेम पूर्वक आराधना की तब शंकरकामिनी जगन्मयी जगदम्बा भगबती मैना पर प्रसन्न हो गई और उनके सम्मुख बालिका रुप प्रकट हो गईं। मैना देवी ने भगवती की स्तुती कर कहा है शिवे सर्वप्रथम मुझे यह वर दीजिये मेरे सौ पुत्र हो जी दीर्ध जीवी एवं महाबलबान हो तदन्तर गुणबती रूपवती मातृकुल तथा पतिकुल को आनन्द देने वाली एक कन्या हो जिसकी पूजा समस्त त्रिलोकी में हो ज्यादा क्या कहूँ देव कार्य की सिद्धि हेतू आप ही मेरी कन्या बनों और रुद्र को अपना पति बनाकर जगत का कल्याण करो। ब्रम्हा जी कहते है मेना का बचन सुन देवीं बोलीं तुम्हारे सौ पुत्र होंगे जिनमें मैनाक नामक एक महाबलबान पुत्र होगा तुम्हारी भक्ति से प्रसन्न हो में तुम्हारी कन्या के रूप में जन्म लूंगी ।

## रविवार को बाहरी कलाकार देंगे कार्यक्रम में प्रस्तुतियां

# नौलखी आश्रम में झूलन उत्सव की धूम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सावन के पावन मौके पर मंदिरों में झूलन महोत्सव की शुरुआत हो चुकी है, जो कि रक्षाबंधन की पूर्णमासी तक चलेंगे। बेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम में झूलन उत्सव के तहत प्रतिदिन स्थानीय कलाकारों की अलग-अलग मंडलियों द्वारा भजन कीर्तन के माध्यम से ठाकुर जी के उत्सव मनाए जा रहे हैं। रविवार को भोपाल और विदिशा से आए भजन गायकों की मंडलियों द्वारा शाम 4 बजे से रात 10 तक एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी जाएगीं। वही अयोध्या की परंपरानुसार ठाकुरजी की भव्य झांकी का भी दर्शन श्रद्धालुओं को कराया जाएगा। बेत्रवती घाट नौलखी आश्रम के पुजारी ने बताया कि झूलन उत्सव की शुरुआत होते ही आश्रम में ठाकुर जी का झूला उत्सव धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। रविवार को विदिशा की प्रसिद्ध अमित महाराज की भजन मंडली के अलावा भोपाल के गायक कलाकारों द्वारा झूलन उत्सव के मौके पर भजनों की आनंदमय प्रस्तुति दी जाएगी। झूले को आकर्षक ढंग से सजाकर उसमें प्रतिदिन ठाकुर जी के विग्रह को बैठाकर झुलाया जाता है। नगर के अलग-अलग भजन मंडल के अलावा महिला मंडल द्वारा भी प्रतिदिन आश्रम पर आकर ठाकुर जी को झूलन के पद सुनाए जा रहे हैं। इसके साथ ही ठाकुर जी का नित्य आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है। आश्रम में विराजित भगवान सीताराम और भगवान जगदीश स्वामी के नवीन विग्रहों का प्रतिदिन अलग-अलग श्रृंगार किया जाता है। आश्रम में अखंड सीताराम संकीर्तन चलता है। आश्रम में प्रत्येक एकादशी को भक्तों द्वारा अखंड श्रीराम नाम संकीर्तन के साथ एकादशी का जागरण किया जाता है। जिसमें श्रद्धालु शामिल होते हैं।

### भगवान पार्श्वनाथ जी का निर्वाण महोत्सव मनाया गया



**गंजबासौदा।** महावीर विहार में विराजित आचार्य 108श्री विद्यासागर जी के सुशिष्य एवं आचार्य 108 श्री समय सागर जी के आशीर्वाद से मंगल चातुर्मास कर रहे निर्यापक श्रवण 108 श्री संभव सागर जी महाराज के ससंघ सनिध्य मे 22 में तीर्थंकर भगवान पारसनाथ जी का निर्माण महोत्सव बड़ी धूमधाम व भक्ति भावपूर्वक मनाया गया। जिसमें सुबह अभिषेक शांति धारा पश्चात श्री कल्याण मंदिर स्तोत्र विधान का आयोजन हुआ। इसके पश्चात निर्माण महोत्सव पर लाडू चढ़ाया गया। साथ ही पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्टेशन के नवीनीकरण की भूमिका रखी गई। अंत मुनि श्री ने पूजा विधान पर प्रकाश डालते हुए अपने आशीर्वचन एवं प्रवचन दिए।

# नशे से दूरी है जरुरी अभियान के तहत दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




नगर में नशा मुक्ति अभियान के तहत गुरुवार को नेमा टीवी सेंटर पर देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे द्वारा वीर सावरकर चौक पर कराओके म्यूजिकल ग्रुप के सदस्यों एवं आम नागरिकों को द्वारा नशा से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया एवं नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम में राजेश नेमा, सुरेश तनवानी, स्वप्निल नेमा, विजय अरोरा, सुनील पिंगले एवं उपस्थित सदस्यों ने देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे का शाल श्रीफल एवं पुष्प मालाओं से सम्मान किया। इस कार्यक्रम में रंजीता सिंह राजपूत ने भी नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में लोगों को समझाया। कार्यक्रम का संचालन सुनील पिंगले ने किया एवं सुरेश तनवानी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष विजय अरोरा, दीपक तिवारी, नरेंद्र जैन ,देवेंद्र राजपूत, सुरेंद्र बहादुर राजपूत, बबलू औदिच्य, महेंद्र जैन, उमेश भावसार, महेश भावसार, अर्चित भावसार,बहादुर राजपूत, सुनील दत्त, महेश नेमा एवं कई अन्य लोगों ने उपस्थित होकर इस शपथ में सम्मिलित हुऐ। इस अवसर पर राजेश नेमा एवं सुरेंद्र बहादुर सिंह ने नशे के खिलाफ गीत गाकर नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आज देश में शहर में गांव में नशे के कारोबार एवं नशे में लिप्त छोटे-छोटे बच्चे अपनी जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं, इसे रोकना एवं नशा मुक्ति आम जनता का जीवन नशे से बचाने के लिए हमें प्रयास करना चाहिए। उक्त जानकारी कराओके म्यूजिकल ग्रुप के संचालक राजेश नेमा ने दी।

### नदी के पुल में फंसी झाड़ियों को निकलवाया

**गंज बासौदा।** गुरुवार को स्वच्छता अधिकारी आरके नेमा के नेतृत्व में नपा सफाई अमले ने नगर के वार्ड क्रमांक 9 पचमा बायपास मार्ग स्थित पाराशरी पुल के नीचे नदी में बहकर आईं झाडियों, वृक्षों के अवशेषों को बाहर निकलवाया। ये झाडियां नदी के उफान पर आने के समय बहकर आई थीं।

## खबर संक्षेप



### दिल्ली में सांसद जैन से की शिष्टाचार भेंट

**सिरोंज।** युवा नेता अमित चौधरी ने अपने साथी कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर पहुचकर सांसद नवीन जैन से शिष्टाचार भेंट कर कुशल क्षेम जाना। इस अवसर पर सांसद नवीन जैन से समस्त भाजपा कार्यकर्ताओ से क्षेत्र की गतिविधियो की जानकारी प्राप्त की।

### घर बैठे अटेंडेस लगाने पर सहायक प्राध्यापक झा को किया निलंबित



**सिरोंज।** सार्थक एप के माध्यम से अपने घर बैठे अटेंडेस लगाने पर नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक साधना कुमार झा को मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निलंबित की कार्यवाही की गई। सहायक प्राध्यापक साधना कुमार झा द्वारा शासकीय लाल बहादुर शास्त्री शासकीय महाविद्यालय सिरोंज अपनी पदस्थापना स्थल से सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज न करते हुए अपने निवास स्थल से सार्थक एप के दिशा निर्देशों के विपरीत कूटरचित तरीके से उपस्थिति दर्ज कर रही है। तो वही सुश्री साधना कुमारी झा का उक्त कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के अनुकूल नही होने के कारण मप्र सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम, 1966 के नियम-9 के प्रावधानों के अंतर्गत मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

### चांदी के विमान पर विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले भगवान

# 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक धूमधाम से आयोजित





*जैन बड़े मंदिर, पचखनी मंदिर में शांति धारा, अभिषेक के साथ भगवान को चढ़ाया गया निर्वाण लाड़ू*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

जैन समाज के 23वे तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव बडें ही धूमधाम से मनाया गया। दिगम्बर जैन बडें मंदिर,दिगम्बर जैन पचखनी मंदिर में भगवान पार्श्वनाथ का विशेष अभिषेक व शांतिधारा की गई। साथ ही भगवान पार्श्वनाथ का विधान व पूजा अर्चना के साथ निर्वाण लाडू चढाया गया। तो वही जैन समाज की माहिलाएं निर्वाण लाडू अपने अपने तरीके से बनाकर लाई। इसके पश्चात चांदी के रथ पर भगवान पार्श्वनाथ को विराजमान कर नगर के मुख्य मार्गो से जैन समाज द्वारा चल समारोह निकाला गया।

जिसमें जैन समाज की महिलाए,युवा वर्ग,बुजुर्गो के साथ दिव्य देशना महिला मण्डल की महिलाएं अपने डेस कोड में चलकर चल समारोह की शोभा बडा रही थी। दिव्य देशना महिला मण्डल की अध्यक्ष श्रीमति रानी जैन बगरौदा ने मोक्ष सप्तमी के रूप में तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के बारे जानकारी देते हुए बताया कि भगवान पार्श्वनाथ जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर है और उनका काल लगभग 872-772 ईसा पूर्व माना जाता है। वे तीर्थंकर नेमिनाथ से 84000 वर्ष बाद तथा भगवान महावीर से 273 वर्ष पहले हुए थें। जैन ग्रंथो के अनुसार पार्श्वनाथ 100 वर्ष तक जीवित रहें। उनका जन्म वाराणसी (काशी) में हुआ था, और उन्होंने 30 वर्ष की आयु में संन्यास ले लिया था. 84 दिन की कठोर तपस्या के बाद, उन्होंने 84वें दिन कैवल्य ज्ञान प्राप्त किया।



लगभग 70 वर्षों तक धर्मोपदेश करने के बाद, वे शाश्वत तीर्थ सम्मेद शिखर सम्मेदाचल पर्वत पर 772 ईसा पूर्व में निर्वाण को प्राप्त हुए। जिन मंदिरों में भगवान पार्श्वनाथ के जिन बिम्ब के ऊपर प्रायः फण फैलाया हुआ। सर्प दृष्टिगोचर होता है, जो उनपर हुए घोर उपसर्ग का प्रतीक है। जैन धर्म के चौबीस तीर्थकर में से अवसपणि काल में घोर उपसर्ग को सहन करने वाले तेइसवे तीर्थकर श्री पार्श्वनाथ स्वामि कहे गये है। वर्तमान काल में सबसे अधिक जिनबिम्ब तथा जिन मन्दिर भगवान पार्श्वनाथ के दिखाई देते हैं। पार्श्वनाथ भगवान को संकट मोचक पार्श्व भी कहा जाता है। इनके निर्वाणोत्सव को मोक्ष सप्तमी के रूप में मनाया जाता है। वही उन्होने बताया कि भगवान पार्श्वनाथ पर कमठ नामक जीव द्वारा घोर उपसर्ग किए जाने बाबत शास्त्रों में लिखा है। राजा अरविन्द के दो मंत्री कमठ और मरुभूति थे। कमठ बड़ा भाई अत्यन्त दुष्ट प्रकृति का,दुव्यवहारी था, जबकि छोटा भाई मरुभूति सज्जन और सद्व्यवहारी था। एक दिन मरुभूति को राज्य कार्य से नगर से बाहर जाना पढ़ा तब कमठ ने छोटे भाई की पत्नी के साथ दुव्यवहार करना चाहा। जब राजा को यह बात ज्ञात हुई तो उसने कमठ को देश निकाला दे दिया।

अतः वह तापसी बनकर जंगल में रहने लगा और कुतप करने लगा, मरुभूति के लौट आने पर, सब घटना ज्ञात होने पर भातृ-प्रेम के कारण वह कमठ के पास गया और पैर पड़ते हुए क्षमा याचना पूर्वक घर चलने की प्रार्थना अत्यधिक क्रोधित हो उस पर शिला पटक दी,जिससे मरुभूति दुध्यान पूर्वक मरण कर कई भव से गुजरने करने लगा। तब कमठ ने और के उपरांत सोलहकारण भावनाओं का चिंतन कर तीर्थकर प्रकृति का बंध किया। तब सिंह के द्वारा भक्षण किये जाने पर समाधि पूर्वक मरण कर आनत स्वर्ग में इन्द्र हुआ।

# सांसद डॉ. वानखेड़े ने आधुनिक हवाई अड्डा व कार्गो की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



सागर-सिरोंज सांसद डॉ लता गुड्डू वानखेड़े ने संसद में क्षेत्र के लिए एक आधुनिक हवाई अड्डा और कार्गो टर्मिनल की स्थापना की तत्काल स्वीकृति देने की मांग सरकार से की। उन्होंने कहा कि सागर के औद्योगिक और लॉजिस्टिक विकास के लिए एक हवाई अड्डा और कार्गो टर्मिनल न केवल आवश्यक है बल्कि यह पूरे मध्य भारत की आर्थिक दिशा बदल सकता है।

उन्होंने इस विषय को लेकर नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से भी इस मांग को प्राथमिकता से शीघ्र पूरा किया जाने को लेकर चर्चा की। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सागर में बीना रिफायनरी के विस्तार हेतु 50 हजार करोड़ रुपए की परियोजना का शुभारंभ किया गया है। यह परियोजना न केवल क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को बढ़ावा देगी, बल्कि इसके माध्यम से हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। इस निवेश से लॉजिस्टिक, ट्रांसपोर्ट, निर्माण और रोजगार के क्षेत्रों में भारी संभावनाएं उत्पन्न होंगी। इसलिए एक आधुनिक हवाई अड्डा और कार्गो टर्मिनल की उपलब्धता इस पूरी प्रक्रिया को गति देने में सहायक होगी। वही उन्होनें कहा कि सागर न केवल औद्योगिक और आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा और पर्यटन की दृष्टि से भी एक प्रमुख क्षेत्र है। यहां पर सेनिक छावनी और कैंटोनमेंट क्षेत्र स्थित हैं, जो इस क्षेत्र को रणनीतिक दृष्टिकोण से महत्त्वपूर्ण बनाते हैं। इसके अतिरिक्त,रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व,डॉ. हरिसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, बुन्देलखण्ड मेडीकल कॉलेज, ऐतिहासिक स्थलों और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर यह क्षेत्र पर्यटकों को भी आकर्षित करता है। इसलिए यदि सागर को हवाई मार्ग से जोड़ा जाए, तो इससे पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। सांसद डॉ. वानखेड़े ने कहा कि सागर का भौगोलिक स्थान इसे देश के हर कोने से जोड़ता है, इसलिए एक हवाई अड्डा और कार्गो टर्मिनल यहां स्थापित कर सागर को मध्य भारत का लॉजिस्टिक और पर्यटन हब बनाया जा सकता है।

### सांसद ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर सिरोंज में कन्या महाविद्यालय प्रारंभ करने की रखी मांग



**सिरोंज।** सागर सिरोंज संसदीय क्षेत्रीय सांसद डॉ लता बानखेडे ने मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मुलाकात कर क्षेत्र की अनेको समस्याओं से अवगत कराने के साथ सिरोंज शासकीय कन्या महाविद्यालय प्रारंभ करने के संबंध में विशेष चर्चा की। वही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सागर संसदीय क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से लिया और शीघ्र ही कार्या प्रारंभ करने की बात कही। इस अवसर सांसद डॉ लता बानखेडे ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की ऊर्जा, दूरदृष्टि और प्रदेशहित में कार्य करने की प्रतिबद्धता प्रेरणादायक है। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश निश्चित ही नए आयाम स्थापित करेगा।

# बाढ़ राहत शिविरों में पहुंचे कलेक्टर-एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



घोघरा नदी का पानी नगर के निचले हिस्सों वार्ड 13, 14, 15 में भर गया था। प्रभावित परिवारों को राहत शिविरों में ठहराया गया है। कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा और एसपी पंकज कुमार पांडे ने नगर के जल भराव वाले क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा और जानकारी ली। कलेक्टर-एसपी एवं स्थानीय अधिकारियों एसडीएम संतोष मुदगल, एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती के साथ चौधरी चौक शाला एवं शा.कन्या हा.से. के राहत शिविरों में पहुंचे। जहां ठहरे हुए लोगों से व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। जलभराव के कारण 100 से अधिक परिवारों के सेकडों लोग प्रभावित हुए। कुछ परिवार वापिस अपने घरों में पहुंच गए। परंतु 40-45 परिवार दो शिविरों में अभी भी ठहरे हुए है।

### डॉक्टरों ने चलाया नशामुक्ति जागरुकता के लिए अभियान

**बरेली।** पुलिस द्वारा नशे से दूरी है जरूरी अभियान चलाया गया। इसी अभियान के अन्तर्गत युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराने और नशे से दूर रहने सिविल अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉ. हेमंत यादव ने कहा कि नशा सिर्फ परिवार ही नहीं पुलिस और डॉक्टरों को भी प्रताडित करता है। अधिकांश सडक़ दुर्घटनाओं, गंभीर अपराध और लडाई झगडें के मामलों की जड में नशा होता है। डॉ. याढव ने युवाओं से नशा प्रवृति से दूर रह कर अपनी उर्जा अन्य सकारात्मक कार्यो में लगाने की अपील की। डॉक्टरों के साथ अन्यों की भी जागरूकता अभियान के दौरान उपस्थिति रही।

# बारिश का दौर थमा, मिली बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

सोमवार से शुरू हुआ घनघोर बारिश का दौर बुधवार को भी चलता रहा। तीन दिनों की भारी बारिश सेक्षेत्र के नदी नालों में बाढ़ की स्थिति और नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के निचले हिस्सों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। नर्मदा, घोघरा, बारना नदियों के किनारे बसे 50 से अधिक ग्रामों की विभिन्न सड़कों पर बने दर्जनों पुल-पुलियों, रपटो पर पानी आ जाने से तीन दिनों तक यातायात बंद और आवागमन की परेशानियां बनी रही। गुरूवार को बरेली-पिपरिश मार्ग पर तेदौनी नदी के नीचे पानी हो जाने से यात्री बसों, वाहनों का आवागमन शुरू हो गया है।

**बारिश का टूटा रिकार्ड :** 15 जून से प्रारंभ हुए वर्षा सीजन में बरेली में 1139 मिमी, 44 इंच से अधिक और पिछले 24 घंटो में 5 इंच बारिश हुई। दशकों बाद एक-डेढ़ माह में इतनी अधिक बारिश हुई कि 1999-2000 का रिकार्ड टूट गया। उदयपुरा में 1435 मिमी, देवरी में 1040 मिमी और बाड़ी में 965 मिमी बारिश होने का रिकार्ड बन गया है। लगातार भारी रिकार्ड तोड़ बारिश से धान क्यारियों में पानी की अधिकता से पार टूटने की स्थिति भी किसानों को परेशानियों का कारण बन रही है।

# नगर के मार्गों पर अतिक्रमणकर्ताओं की मनमानी, चौड़ी सड़कें गलियों में तब्दील

- अतिक्रमण करने वालों को चालानी कार्यवाही की दी गई चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर की सभी प्रमुख सडक़ों, चौराहों पर अतिक्रमण की भरमार बनी रहने से महिलाओं, बच्चों, बुजूर्गो का पैदल चलना भी जोखिम भरा बना हुआ है। टाकीज रोड, सब्जी मंडी के आसपास, बड़ा बाजार, छोटा बाजार, कन्याशाला रोड, किनगी रोड और पुरानी हाइवे मुख्य सडक़ के दौनों और अतिक्रमण की भरमार बनी हुई है।

टाकीज रोड पर वर्षो पूर्व बना फब्बारा (फाउंटेन फॉल) सडक़ चौड़ी करने, यातायात को सुगम बनाने के लिए तोड़ दिया। फब्बारा तो तोड़ दिया, खाली सडक़ आवागमन के स्थान पर अतिक्रमण और वाहनों के खडे रहने से पुरानी स्थिति में पहुंच गई। नगर प्रवेश के इस प्रमुख मार्ग पर हाथ ढेलों, वाहनों, छोटी अस्थाई दुकानों के मनमाने अतिक्रमण से मंडी मस्जिद के सामने, टाकीज रोड पर हमेशा जाम लगने की स्थिति बनती है। नपं. और स्थानीय प्रशासन द्वारा मार्ग से अतिक्रमण, वाहनों की हटाने की कार्यवाही की गई।



### त्योहार पर सड़कें जाम

*रक्षाबंधन का त्योहार निकट आ रहा है। राखी एवं अन्य सामग्री की अधिकांश दुकानें बडा बाजार, छोटा बाजार और चारा बाजार के आसपास लगती है। प्रतिदिन भारी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र की महिला, पुरूष खरीददारी के लिए आते है। अधिकांश दुकानें सडको पर लगती है, जिससे चौड़ी सडके दिन में गलियों में तब्दील होकर जाम की स्थिति बनती है। पूर्व में भी नपं., स्थानीय प्रशासन द्वारा नगर के मार्गो, विभिन्न हिस्सों में अतिक्रमण हटने की मुहिम चलाई गई थी। अतिक्रमणकर्ताओं की मनमानी कार्यप्रणाली से नगर की सभी प्रमुख स्थानों, सडके, चौराहों पर पुरानी परेशानियों वाली स्थिति बन गई है।*

### चालानी कार्रवाई

*नियमों को दर किनार कर दुकानदारों द्वारा फिर से अतिक्रमण किया जा रहा है। अतिक्रमण हटाने में सख्ती और अतिक्रमणकर्ताओं के विरूद्ध चालानी कार्यवाही भी की जाएगी।*

*- संतोष मुदगल, एसडीएम*

### सड़कों की धुलाई, दवाओं पाउडर का छिड़काव, कराए राहत कार्य

# जल भराव क्षेत्रों में नपं ने चलाया साफ-सफाई अभियान

- दर्जनों परिवार अभी भी राहत केम्पों में ही जा रहे
- नपं. ने की चाय और नाश्ता व भोजन व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नर्मदा में बाढ़, संपूर्ण क्षेत्र में लगातार घनघोर बारिश और बारना बांध के गेट खोले जाने से बारना, घोघरा नदियों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। घोघरा नदी अपने तटबंध छोड़ कर नगर के निचले हिस्सों में जल भराव, घरों के भीतर तक पानी भर जाने से प्रभावित परिवारों को नपं. एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा स्कूलों, छात्रावासों में ठहराया गया।

भले ही घोघरा नदी का पानी उतर गया। इसके बाद भी 30 परिवार के लोग 2 अलग-अलग स्थानों पर ठहरे हुए है। लगभग 100 लोगों के चाय, नाश्ता दौनों समय भोजन की व्यवस्था नपं. द्वारा की जा रही है।



#### घरों, निचले हिस्सों में घुसा पानी

जब भी घोघरा नदी में बाढ़ की स्थिति बनती है। नगर के वार्ड 13, 14, 15 जो कि नदी रोड, हौली चौक, हरिजन मोहल्ला, नरसिंह टेकरी, ईदगाह के आसपास नदी का पानी घरों तक भरने की स्थिति बनती है। रिकॉर्ड बारिश के असर से नगर के सैकड़ों परिवार प्रभावित और परेशान बने रहे।

नपं. अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, सीएमओ हरिशंकर वर्मा एवं नपं. के कर्मचारियों, स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों द्वारा मुसीबत की घड़ी में हरसंभव मदद की गई। राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल भी बाढ़-जलभराव से प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचे और नुकसान की भरपाई और हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

#### साफ सफाई, दवा छिडकाव

2 दिनों तक नगर के निचले हिस्सों, मकानों, मकानों के सामने सडक़ों पर पानी भरा रहा। जैसे ही नदी का पानी उतरा तो अध्यक्ष चौधरी, सीएमओ हरिशंकर वर्मा के निर्देश पर जल भराव वाले क्षेत्रों की साफ-सफाई, धुलाई और दवा पाउडर का छिडकाव का कार्य गुरूवार को शुरू कर संक्रमण के रोकथाम का प्रयास नपं. द्वारा किया गया।

#### चल रहे दो राहत शिविर

पानी उतरने के बाद दर्जनों परिवार वापिस घरों में चले गए, अभी भी मा.शा. चौधरी चौक में 21 परिवारों के 60 लोग एवं शा. कन्या हा.से. में 8 परिवारों के 30 लोग शिविर में बने हुए है। जिनके चाय, नाश्त, दौनों समय भोजन इत्यादि की व्यवस्था नपं. द्वारा की जा रही है।

# श्री रामलीला मैदान में हुई राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की बैठक, पालीवाल बने अध्यक्ष




**बरेली।** राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की बैठक रामलीला मैदान के सभागार में विजय तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उपस्थित हिन्दी प्रेमी सदस्यों की सहमति से अवनीश पालीवाल को जिला संयोजक केशव दुबे की सहमति से अध्यक्ष चुना गया। अभी तक अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी केशव दुबे संभाल रहे थे।

**जिम्मेदारी को बखूबी निभाऊंगा :** नव नियुक्त अध्यक्ष अवनीश पालीवाल ने कहा कि जिस विश्वास के साथ समिति के सदस्यों ने जिम्मेदारी सौंपी है। उसे निभाने का प्रयास करूंगा। हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार उत्थान एवं साहित्य के विकास का कार्य सक्रियतापूर्वक करने का प्रयास करूंगा। हिंदी की शिक्षा संस्कृति के विकास के लिए कार्यशाला, संगोष्ठिया, लेखन, प्रकाशन और छात्रवृत्ति देने जैसे कार्यो पर योजना बना कर कार्य किया जाएगा। बैठक में केशव दुबे, रामनारायण शर्मा, दिनेश बवेले, नंद किशोर नेमा, कुशमांक दुबे सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।



# 'अंतिम संस्कार' के लिए भी कड़ा संघर्ष

# रास्ते में घुटने-घुटने कीचड़ के कारण ग्रामीण नहीं पहुंच सके मुक्तिधाम, जंगल में ही करना पड़ा शव का अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

ग्राम चीचोली में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम तक जाने को रास्ता नहीं, परेशान परिजनों व ग्रामीणों ने गांव से लगे जंगल शव का अंतिम संस्कार किया।

यह मामला तहसील सिलवानी के ग्राम चीचोली का है, जहांकि ग्राम के निवासी विश्राम सिंह आदिवासी की बुधवार शाम को मौत हो गई। जब अंतिम संस्कार के लिए गुरुवार को परिजन व ग्रामीण शव यात्रा लेकर मुक्तिधाम के लिए रवाना हुए, लेकिन रास्ता कच्चा व ऊबड़-खाबड़ होने तथा घुटने घुटने तक कीचड़ होने से वहां तक पहुंचना मुश्किल भरा हो रहा था। तब परेशान ग्रामीणो ने एक राय होकर ग्राम से लगे जंगल में ले जाकर मृतक का अंतिम संस्कार किया।

मृतक के पुत्र हरभजन सिंह ने बताया कि ग्राम के मुक्तिघाम तक जाने वाला रास्ता कच्चा व कीचड़ होने के कारण वहां तक पहुंचना मुश्किल भरा हो रहा था जिस कारण अंतिम संस्कार जंगल में करना पड़ा। चीचोली ग्राम तहसील मुख्यालय सिलवानी से महज 3 किलो मीटर दूर स्टेट हाईवे 44 पर स्थित हैं।

## शमशान घाट बदहाल, ना रास्त है ना टीनशेड, खुले आसमान तले होता है अंतिम संस्कार



### अंतिम संस्कार में ग्रामीणों उठाना पड़ती है खासी परेशानी

*ग्रामीणों का आरोप है कि सरंपच-सचिव द्वारा पक्की सड़क का निर्माण नहीं कराया जा रहा है, बल्कि मुक्तिधाम पर बैठने की भी व्यवस्था नहीं है। अंतिम संस्कार में जाने वाले ग्रामीणों खासी परेशानी उठाना पड़ती है। ग्रामीणो का यह भी कहना है कि मृतक के अंतिम संस्कार के समय आयोजित की जाने वाली फेरा लगाने की रस्म भी परेशानी के बीच पूरी करना पड़ती है। क्योंकि फेरा लगाने के लिए भी पर्याप्त जगह नहीं हैं। इसके अतिरिक्त अन्य अव्यवस्थाओं का सामना भी अंतिम संस्कार के दौरान ग्रामीणों को करना पड़ता है।*

### तहसील के कई ग्रामों के मुक्तिधाम की हालत बनी हुई है बदहाल

विधान सभा मुख्यालय सिलवानी जो कि 18 साल तक सूबे के मुखिया रहे तथा वर्तमान में केंद्रीय कृषि का दायित्व संभाल रहे शिवराज सिंह चौहान के निर्वाचन क्षेत्र है जहां मृतक के अंतिम संस्कार करने मे लोगो को खासी परेशानी उठाना पड़ रही है। लेकिन प्रशासनिक अधिकारी वातानूकुलित कार्यालय में बैठकर ग्राम विकास की योजनाओं को अमली जामा पहनाने का दावा करते हुए नही थकते हैं और ग्रामीण सरकार की बदइंतजामी से परेशान देखे जा रहे हैं। ऐसा नही है कि ग्राम चीचोली के ग्रामीण ही मुक्तिधाम पर व्याप्त बद इंतजामी से परेशान हैं बल्कि तहसील के अनेको ग्रामो के मुक्तिधाम की हालत भी कुछ इसी तरह बनी हुई है।

### प्रशासन से करेंगे राशि के आवंटन की मांग

बरसात बाद मुक्तिधाम जाने वाले मार्ग व पुलिया के निर्माण के लिए प्रशासन से राशि के आवंटन की मांग की जाएगी। राशि प्राप्त होते ही पुलिया व सड़क का निर्माण कराया जाएगा।

**- सीबी चौबे**, सचिव ग्राम पंचायत चीचोली

---

## नकली खाद बेचने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार, रायसेन न्यायालय में किया पेश

# सलामतपुर पुलिस ने पकड़ा नकली खाद बेचने वाला गिरोह, कोर्ट से मांगा रिमांड

जिले में नकली खाद बेचने का कारोबार लंबे अरसे से चल रहा था। रायसेन सहित जिले के भोले भाले किसानों को महंगे दामों में यूरिया, डीएपी खाद बेचकर ठगा जा रहा था। लेकिन सलामतपुर पुलिस ने इस कारोबार का भांडा फोड़कर इससे जुड़े मास्टर माइंड आरोपी को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि इन आरोपियों के तार मध्यप्रदेश ही नहीं अन्य प्रदेशों से भी जुड़े होने की बात सामने आई है।

### आरोपियों से आयशर ट्रक, बोलेरो पिकअप, नकली खाद एवं बोरी सिलाई मशीन सहित 15 लाख का माल बरामद





### 500 रुपए में खाद खरीदकर, डीएपी की बोरी में 400 रु. में भरकर बेच रहे थे आरोपी

*नकली खाद के मामले के पकड़े गए मास्टरमाइंड शाहिद और साथी मोहम्मद लईक दोनों निवासी पीजीबीटी कॉलेज गौतम नगर भोपाल ने पूछताछ में बताया कि वह सीहोर की मंडी के पास त्यागी ट्रेडर्स से 500 रुपए बोरी के हिसाब से जैविक खाद खरीदकर भोपाल लाते थे और उनके गोडाउन में डीएपी की खाली बोरियों में भरकर 1400 रुपये के हिसाब से किसानों को बेच देते थे। आरोपी अभी तक लगभग 10 टन माल किसानों को खपा चुके हैं। आरोपियों ने यह भी बताया कि वह डीएपी की खाली बोरिया इंदौर शहर से लाते थे। इस मामले में आरोपी रिजवान ड्राइवरी करता है, शोएब, जावेद हम्माली का काम करते हैं। वहीं आरोपी अजीज निवासी रायसेन खाद ठिकाने लगाने के लिए किसानों की तलाश करता था। इसको 50 से 100 रुपए बोरी के हिसाब से कमीशन मिलता था।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन/सलामतपुर

किसानों को नकली खाद बेचने के मामले में सलामतपुर पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर गुरुवार को रायसेन न्यायालय में पेश कर आरोपियों का पुलिस रिमांड मांगा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी पंकज पांडे के निर्देशन में एएसपी कमलेश खरपुसे के मार्गदर्शन और एसडीओपी प्रतिभा शर्मा के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई थी।

टीम ने इस मामले में 28 वर्षीय शाहिद अहमद पिता सलीम अहमद उम्र साल निवासी थाना गौतम नगर भोपाल, 38 वर्षीय मो. लईक पिता मो. मजीद निवासी कृष्ण नगर भोपाल, 28 वर्षीय रिजवान मोहम्मद पिता मो. इकबाल निवासी मोती नगर करोद भोपाल, 24 वर्षीय शोएब पिता मोहम्मद सुबराती निवासी हाऊसिंग बोर्ड कालोनी निशातपुरा भोपाल, 25 वर्षीय जावेद पिता मुबीन पठान निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी निशातपुरा भोपाल और 40 वर्षीय अजीज पिता पिता अब्दुल रऊफ निवासी बंधन गार्डन के पीछे रायसेन को गिरफ्तार किया है।

गौरतलब है कि बीते 24 जुलाई को जिले के ग्राम बागोद में किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर उन्हें नकली खाद थमाया गया था। बागोद से अमानक डीएपी खाद से भरा ट्रक किसानों की सतर्कता से राजस्व और कृषि विभाग के अमले ने पकड़ा था। अमले ने खाद के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजा था।

### किसानों को ठगकर आरोपियों ने कमाए लाखों रुपए

किसानों ने जो नकली खाद की खेप पकड़ी है। इससे से पहले गांव के 15 किसान 7 लाख रुपए मूल्य का डीएपी खाद खरीद चुके थे। खेतों में खड़ी धान की फसल में डीएपी खाद डालने के बाद भी न तो वह गला और न ही उसका फसल पर कोई असर हुआ तो किसानों को शक हुआ। जिस व्यक्ति से किसानों ने यह खाद मंगवाया था, उसे रंगे हाथ पकड़वाने के लिए उससे पांचवीं बार खाद से भरा ट्रक बुलवाया। एसडीएम और सहायक संचालक कृषि जितेंद्र नामदेव को मौके पर बुला लिया। जांच के दौरान ट्रक में डीएपी खाद की 93 बोरियां रखी पाई गईं। जांच में उर्वरक मानकों पर खरी नहीं उतरने पर मौके पर ही पंचनामा बनाया था। बाद में आई जांच रिपोर्ट में खाद नकली पाई गई।

पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर एक आयशर ट्रक एमपी 04 ज़ेडके 6517, एक बोलेरो पिकअप एमपी 04 जीए 7772, नकली खाद की 92 बोरी, बोरियां सिलने वाली मशीन, खाली बोरियां बरामद की हैं।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस पूरी कार्रवाई में सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी, उमरावगंज थाना प्रभारी शैलेंद्र तोमर, एएसआई सुनील शर्मा, प्रधान आरक्षक गणेशराम रघुवंशी, दिनेश राजपुत, आरक्षक संदीप रघुवंशी और आरक्षक ब्रजेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 1400 रुपए प्रति बोरी बेचा खाद

बागोद गांव के किसान नईम उल्लाह खान ने बताया कि एक सप्ताह पहले बंधन गार्डन के पीछे रहने वाला हम्माल उनके पास आया और कहने लगा कि डीएपी खाद की जरूरत है क्या। उसके सेठ जी को गोपालपुर वाली दुकान खाली करना है, वहां पर डीएपी खाद रखा है, वह उन्हें बेचना है। हम्माल ने अब्दुल वहीद नामक व्यक्ति से बात कराई। इसके बाद वह दूसरे दिन रायसेन आया और 1400 रुपए प्रति बोरी के हिसाब से डीएपी गांव में ही पहुंचाने की बात हुई। पहली गाड़ी से 40 बोरी डीएपी खाद आया। इसके बाद गांव के 14-15 लोगों ने भी उसे तीन अन्य गाड़ियों से करीब 7 लाख रुपए मूल्य का डीएपी खाद मंगवा लिया। सभी किसानों ने जब खाद को धान की फसल में डाल दिया। लेकिन तीन-चार दिन तक वह गला नहीं। तब उन्हें लगा कि खाद नकली है। गांव के अमजद खान, अतीक खान, राम सिंह, मुश्ताक भाई, बबलू प्रजापति, संतोष मीणा, भारत सिंह मीणा, बाबू खान, बबलू प्रजापति के साथ मिलकर उन्होंने नकली खाद भेजने वाले को पकड़वाने की योजना बनाई।

### रिमांड मांगा है

नकली खाद बेचने के मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार लिया था। शेष 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर गुरुवार को रायसेन कोर्ट में पेश किया। सभी आरोपियों का पुलिस रिमांड मांगा है।

**दिनेश सिंह रघुवंशी,** थाना प्रभारी सलामतपुर।

---

## ग्राम सत्ती में तेंदुए ने किया बेल पर हमला हुआ घायल

### तेंदुए के मूवमेंट से ग्रामीण में फैली दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर



ग्राम सत्ती में तेंदुए का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। गांव के निवासी कय्यूम खान के मवेशी बेल पर तेंदुए ने हमला कर दिया।

बेल ने किसी तरह अपनी जान बचाई, लेकिन वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव के लोगों ने बताया कि यह पहला मौका नहीं है, इससे पहले भी तेंदुआ कई मवेशियों को अपना शिकार बना चुका है।

ग्रामीणों में भय का माहौल है और लोग शाम होते ही अपने बच्चों व मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने लगे हैं। वन विभाग को कई बार सूचना देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

---

### पूर्व मंत्री के निर्देश पर पहुंचे शुक्ला

## नीगरी पहुंचकर विजय शुक्ला ने लिया स्थिति का जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

तहसील के ग्राम नीगरी में लगातार भारी बारिश ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया। मूसलाधार बारिश का पानी ग्राम के अनेक मकानों में भरा गया, जिससे लोगों का घरेलू सामान पूरी तरह नष्ट हो गया।

आपदा की जानकारी मिलने पर पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने लोगों की परेशानी को गंभीरता से लिया तथा पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला को नीगरी ग्राम पहुंचाया। पूर्व मंत्री के निर्देश पर ग्राम पहुंचे शुक्ला ने ग्रामीणों से मुलाकात की व स्थिति का जायजा लिया तथा हुए नुकसान से पूर्व मंत्री को अवगत कराया।

विजय शुक्ला हालात देखकर भावुक हो गए और पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा भाजपा सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी है। जल्द ही सहायता और मुआवजा पहुंचाया जाएगा।

---

### बालमपुर घाटी पर दो कारों में भिड़ंत

**दीवानगंज**। बालमपुर घाटी के नीचे एक शिक्षक कार से भोपाल जा रहे थे, तभी अज्ञात कार ने शिक्षक की कार को टक्कर मार दी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि शिक्षक को कोई चोट नहीं आई। बता दें कि हाईवे पर दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है बालमपुर घाटी पर एक महीने के अंदर यह चौथी दुर्घटना है जिनमें दो व्यक्ति की मौत एक महीने के अंदर बालमपुर घाटी पर ही हो चुकी हैं।

---

## नप अध्यक्ष ने कर्मचारियों को बांटे रेनकोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

नगर परिषद सांची अध्यक्ष पप्पू रेवाराम अहिरवार द्वारा नप के कर्मचारियों को बरसात से बचने रेनकोट वितरित किए, जिससे कर्मचारी खुश नजर आए। सफाई कर्मचारी, ड्राइवर और जल आपूर्ति विभाग के कर्मियों सहित अन्य स्टाफ को रेनकोट का वितरण किया गया। कर्मचारियों ने नप अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है।

भारी बारिश में भीगते हुए काम करने के दौरान बारिश से बचने के लिए रेनकोट का सहारा मिलने से कर्मचारियों ने भारी खुशी महसूस की और ईमानदारी से काम करने की बात कही। रेनकोट वितरण के समय नगर परिषद से सीएमओ रामलाल कुशवाहा, जल विभाग अधिकारी महिपत शर्मा आदि उपस्थित रहे।



---

## धर्म से आदर्श व्यक्ति की पहचान होती है : पं. महेश शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी



श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन धर्म नगरी बाड़ी कलां की तपोभूमि सिद्ध धाम भूतेश्वर महादेव मंदिर में चल रहे धार्मिक कथा के समापन अवसर पर विद्वान पं. महेश प्रसाद शर्मा ने कथा के अंतिम दिन श्रीमद् भागवत कथा के सार का मनमोहक चित्रण किया। उन्होंने कहा कि धर्म के मार्ग से सफल जीवन की नाव में बैठकर दरिया पार कर सकते हैं यही मार्ग वह मार्ग है जिससे हमें आदर्श व्यक्ति की पहचान होती है आदर्श शब्दों का ज्ञान होता है और बड़ों का और छोटो के बीच किसे परस्पर संबंध हो यह शिक्षा हमें धर्म से ही मिलती है। माता-पिता श्रेष्ठ है उनकी पूजा करने से आप भगवान के बहुत करीब खड़े हो सकते हैं जो प्रखंड भक्ति से भी संभव नहीं है।

पं महेश प्रसाद शर्मा ने कहा हम जैसा कर्म करते हैं वैसा ही फल मिलता है कर्म हमेशा ऐसा करना चाहिए जिससे किसी की आत्मा को दुख ना हो किसी को परेशानी ना हो हमें अपने जीवन में उन शब्दों का उपयोग करना चाहिए जो किसी की दुखित आत्मा में मलहम लगाते हो ऐसे शब्दों का नहीं जो आत्मा को दुखित करते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन श्रृंगार की यह औषधि है। जिसने यह औषधि धारण कर ली वह कभी संकट की छाया भी उस पर नहीं पड़ती।

अंतिम दिन भूतेश्वर महादेव मंदिर में कथा समापन पर मंदिर संस्थापक संजय सोनी के श्रीमद् भागवत कथा यजमान सेवा संकल्प की लोगों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की।

---

### सांची विधायक डॉ चौधरी ने दिखाई शव वाहनों को हरी झंडी, बोले- अब शव ले जाने में होगी आसानी

# जिला अस्पताल को मिली दो शव वाहनों की सौगात

### दिवंगत व्यक्तियों का देह को अब ससम्मान गंतव्य तक पहुंचेगा : डॉ चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला अस्पताल को सांची सीट के विधायक एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा निःशुल्क दो शव वाहनों की सौगात दी है। इन वाहनों को विधायक डॉ चौधरी द्वारा गुरुवार दोपहर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर डॉ चौधरी ने कहा कि डॉ मोहन सरकार गरीब मजदूरों मध्यम वर्ग सहित सर्वहारा समाज के लोगों की चिंता कर रही है। सीएम डॉ यादव मनुष्यता सेवाभाव और समाज के गरीब तबके जरूरतमंदों के लिए अब निःशुल्क दो वाहन सुविधा रायसेन जिला अस्पताल के लिए उपलब्ध कराई है। डॉ मोहन सरकार का जनहित में यह बहुत बेहतर कदम है। इस व्यवस्था से दिवंगत व्यक्तियों का देह को अब ससम्मान गन्तव्य स्थान तक भेजा जाएगा। यह शव वाहन सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी, जिसमें वाहन चालकों की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।



इस मौके पर एसडीएम मुकेश सिंह सहित सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे, सिविल सर्जन डॉ यशपाल सिंह बाल्यान, आरएमओ डॉ आलोक राय, मेडिकल ऑफिसर डॉ एमएल अहिरवार, डॉ दीपक गुप्ता सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

---

### आधुनिकता के प्रवाह में तेजी से बदलता जा रहा सारा परिदृश्य

# अब नहीं सुनाई देते सावन के गीत, वो गांव का बचपन और यादें, सावन के झूले भी हुए गुजरे जमाने की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

आधुनिकता के प्रवाह में सारा परिदृश्य भी तेजी से बदलता जा रहा है। इसके साथ ही बदल रहा है लोगों की सोच, पुरानी परंपराएं, मान्यताएं और बहुरंगी समृद्ध लोकजीवन। यही वजह है कि गांवों और शहरों में सावन के झूले गुजरे जमाने की बात हो गए हैं। क्योंकि शहरों के विकास के चलते लोगों ने पेड़ काट डाले। कुएं भी पाट दिए गए। इससे अब शहरों व ग्रामीण इलाकों में न तो कहीं झूले दिखाई देते हैं और न ही सावन गीत गातीं युवतियां।

सावन माह समाप्त होने में अब कुछ दिन ही शेष है, मगर अभी भी वातावरण में उमस है। चार-पांच दशक पहले ऐसा नहीं था। सावन के महीने में ठंडी रिमझिम फुहारों और चारों तरफ हरियाली देखकर लोगों का तन मन भीग जाता था। लेकिन अब पहले जैसा मौसम नहीं रहा, वातावरण में बदलाव आ गया है।



### गायब हो गए बड़े नीम के पेड़ और झूले

*हरे भरे जंगल, पहाड़ों, प्राकृतिक झरनों और अपने शीतल मौसम के कारण ही सुविख्यात रहा रायसेन जिला समय बीतने के साथ ही अब न तो हरा भरा दिखाई दे रहा है और न ही वह शीतल मौसम अब नजर आ रहा है। बुजुर्गों का कहना है कि सावन के महीने में अपने मायके आई युवतियां, किशोरियां और बच्चे इन झूलों पर जगह-जगह झूलते नजर आती थीं। जहां महिलाएं सावन के गीतों एवं खड़ी भाषा के गीतों पर ढोलक के थाप पर नाचती एवं गाती थीं। अब ना वह बड़े नीम के पेड़ रहे और ना झूले नजर आते।*

अब न तो समय से बारिश होती है और न ही कहीं झूले नजर आते हैं। पहले ग्रामीण क्षेत्रों में शाम के समय युवतियां व महिलाएं झूले के पास एकत्र होकर सावन गीत के साथ झूला झूलती थीं और एक दूसरे से ऊंचा पेंग बढ़ाने की होड़ लगती थीं। समय बदलने के साथ आधुनिकता की आंधी में यह सब कुछ लुप्त हो गया। सावन मास समाप्त होने को है लेकिन न कहीं सावन गीत सुनाई दे रहे हैं और न ही पेड़ों की डालों पर झूले नजर आ रहे हैं।

### बदल गई दिनचर्या....

वह गांव का बचपन और सावन के झूले कहीं दादी नानी की कहानी ना बन जाएं। बदलते जमाने के साथ अब लोगों की दिनचर्या ही बदल गई है। भागमभाग भरी इस जिंदगी में लोग मोबाइल, लेपटॉप आदि में ही व्यस्त रहने लगे है।